# *अधिसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों की संरचना एवं स्वामित्व का स्वरूप: मार्च 2013**

*इस लेख में 2006-13 के दौरान अधिसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) की बकाया जमाराशियों की संरचना एवं स्वामित्व के स्वरूप का विश्लेषण किया गया है। इसके लिए, 2006-10 की अवधि के सैम्पल सर्वेक्षण से प्राप्त की गई जमाराशियों के स्वामित्व के स्वरूप संबंधी आंकड़ों के साथ-साथ मार्च 2012 एवं 2013[1] के अंत के जनगणना सर्वेक्षण आंकड़ों का उपयोग किया गया। यह विश्लेषण वर्ष-दर-वर्ष जमा खातों, संस्थागत क्षेत्रों, जनसंख्या समूहों एवं बैंक समूहों के विभिन्न प्रकार की व्यापक प्रवृत्ति प्रस्तुत करता है।*

## *विशेषताएं*

- कुल जमाराशियों में मार्च 2013 में 11.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ। यह मार्च 2007 के उच्च वृद्धि अर्थात् 24.9 प्रतिशत से लगातार घटने लगा। तथापि, वर्ष-दर-वर्ष आधार पर सावधि जमाराशियों के हिस्से में बढ़ौती की प्रवृत्ति देखी गई। मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार चालू, बचत एवं मीयादी जमाराशियों का कुल जमाराशियों में क्रमशः 9.9 प्रतिशत, 25.7 प्रतिशत एवं 64.5 प्रतिशत हिस्सा था।
- 31 मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार कुल जमाराशियों में हाउसहोल्ड का हिस्सा सर्वाधिक अर्थात् 59.6 प्रतिशत था जिसके बाद सरकार एवं निजी कॉरपोरेट क्षेत्र का क्रमशः 13.9 प्रतिशत तथा 12.4 प्रतिशत हिस्सा था।
- अधिसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों के सृजन में प्रमुख रूप से मीयादी जमाराशियों के सृजन में महानगरीय शाखाओं का स्थान अग्रणी है और इसके बाद शहरी एवं अर्ध-शहरी शाखाओं का स्थान आता है। जबकि ग्रामीण शाखाओं में बचत खातों की मात्रा सबसे अधिक है और इसके बाद मीयादी जमाराशियों की मात्रा अधिक है।
- बैंक समूह-वार देखें तो मार्च 2013 में कुल जमाराशियों में सरकारी क्षेत्र के बैंकों का हिस्सा (74.3 प्रतिशत) सर्वाधिक है और इसके बाद निजी क्षेत्र के बैंकों का हिस्सा (18.8 प्रतिशत) अधिक है। विदेशी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल जमाराशियों में अपेक्षाकृत कम हिस्सा अर्थात् क्रमशः 4 प्रतिशत एवं 2.9 प्रतिशत है।

## *परिचय*

जमाराशियों के स्वामित्व के स्वरूप के संबंध में सांख्यिकी, अधिसूचित वाणिज्य बैंकों (एससीबी) द्वारा आधारभूत सांख्यिकीय विवरणी (बीएसआर)-4 के जरिए उपलब्ध कराए गए शाखा स्तर के आंकड़ों के आधार पर, तैयार की जाती है। इसमें, 31 मार्च की स्थिति के अनुसार बकाया जमाराशियों के स्वामित्व के आंकड़े दिए गए हैं जिसे जमा खातों के प्रकार नामतः, चालू, बचत एवं मीयादी जमाराशियों के अनुसार जमाकर्ताओं (अर्थात् हाउसहोल्ड, सरकार, निजी कॉरपोरेट (गैर-वित्तीय, वित्तीय एवं विदेशी) की भिन्न-भिन्न संस्थागत श्रेणियों के अनुरूप वर्गीकृत किया गया है। इन आंकड़ों के जरिए भिन्न-भिन्न जनसंख्या समूहों एवं बड़े बैंक समूहों (सरकारी क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक एवं विदेशी बैंक) की प्रवृत्ति का विश्लेषण करने में मदद मिलती है।

2. मार्च 2012 से, सर्वेक्षण जनसंख्या के आधार पर किए जा रहे हैं और इसके परिणाम 2006 से पिछली प्रवृत्तियों से मेल खाते हैं। बकाया कुल जमाराशि संबंधी शाखा-वार आंकड़ों का पुनर्वैधिकरण 31 मार्च 2013 की तिमाही बीएसआर-7 में सूचित किए गए समान आंकड़ों के बदले भी किया जाता है।

3. इस लेख में जमा खातों (चालू, बचत एवं मीयादी जमाराशि) के प्रकार की प्रवृत्ति एवं स्वरूप की संक्षिप्त समीक्षा की गई है। इसमें बड़े संस्थागत क्षेत्रों की जमाराशियों के स्वामित्व के स्वरूप के विश्लेषण के साथ-साथ जनसंख्या समूहों के अनुसार जमाराशियों

* भारतीय रिज़र्व बैंक के सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंध विभाग के बैंक शाखा सांख्यिकी प्रभाग में तैयार किया गया।

[1] मार्च 2013 के अधिक विस्तृत आंकड़ों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट 'URL:http://www.rbi.org.in/' देखें। अधिसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों की संरचना एवं स्वामित्व के स्वरूप के संबंध में बीएसआर-4 के सर्वेक्षण के पिछले परिणाम भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन के विभिन्न अंकों में प्रकाशित किए गए हैं; हाल का परिणाम जून 2013 अंक में प्रकाशित किया गया था।

के स्वरूप के विषय में खंड दिया गया है। इसके बाद विभिन्न संस्थागत जमाकर्ताओं के अधिमान का बैंक-समूह वार विश्लेषण किया गया है। बैंक जमाराशियों का 31 मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार राज्य-वार स्वरूप का सार भी दिया गया है।

### *जमाओं के प्रकार के अनुसार बैंक जमाराशियों की संरचना*

4. कुल जमाराशियों में बढ़ती मीयादी जमाराशियों का हिस्सा सर्वाधिक था। मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार अधिसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों की संरचना इंगित करती है कि कुल जमाराशियों में मीयादी जमाराशियों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा है और इसके बाद बचत जमाओं का लगभग एक-चौथाई हिस्सा है (चार्ट 1)।

5. बचत जमाराशियों का हिस्सा, जो 2006 के 26.4 प्रतिशत से घटकर 2007 में 23.7 प्रतिशत रह गया, हाल की अवधि में स्थिर रूप से लगभग 25.5 प्रतिशत रहा। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर मीयादी जमाराशियों के हिस्से में मामूली वृद्धि हुई। चालू खाता शेष का हिस्सा 2008 से घटा जो कुछ-कुछ देश के आर्थिक माहौल को दर्शाता है।


6. समीक्षाधीन अवधि में कुल जमाराशियों के साथ-साथ इसके घटकों में तेजी से वृद्धि हुई फिर भी कुल जमाराशियों की वृद्धि में 2008 से गिरावट आई (सारणी 1)। कुल जमाराशियों में गिरावट आने के कारण, जो सभी प्रकार के जमा खातों में फैला है, आय वृद्धि में गिरावट आई। जमाराशियों की वृद्धि एवं संरचना वर्तमान मीयादी जमा दरों से मेल खाती हैं। चालू जमाराशियों में वृद्धि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक वृद्धि के समकालीन प्रतीत होता है।

### *बड़े संस्थागत क्षेत्रों के अनुसार जमाराशियों के स्वामित्व का स्वरूप*

7. संस्थागत स्वामित्व के अनुसार जमाराशियों की संरचना पूरी अवधि के दौरान हाउसहोल्ड का वर्चस्व दर्शाती है जिसका मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार कुल जमाराशियों में 59.6 प्रतिशत हिस्सा है (चार्ट 2)। सरकार एवं गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट क्षेत्रों का कुल जमाराशियों में क्रमशः 13.9 प्रतिशत एवं 12.4 प्रतिशत हिस्सा है। मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार वित्तीय एवं विदेशी क्षेत्र का हिस्सा बढ़कर क्रमशः 10.0 प्रतिशत एवं 4.1 प्रतिशत हो गया।

8. 2012-13 के दौरान हाउसहोल्ड क्षेत्र के हिस्से में 1.5 प्रतिशत वृद्धि प्रमुख रूप से व्यक्तिगत (हिंदु अविभाजित परिवार - हफ सहित) जमाराशियों में उच्चतर वृद्धि के कारण हुई (सारणी 2)। हाउसहोल्ड के अंतर्गत व्यक्तिगत (हिंदु अविभाजित

**चार्ट 1: जमाराशि के प्रकार के अनुसार बैंक जमाराशियों की संरचना की प्रवृत्ति - 2006-2013**
(31 मार्च की स्थिति के अनुसार)




[2] अंतर-बैंक जमाराशियां शामिल हैं।


**सारणी 1: खाता प्रकार के अनुसार जमाराशियों की प्रवृत्ति**

(बिलियन ₹ में बकाया राशि एवं प्रतिशत में वृद्धि)

| खाता के प्रकार/31 मार्च की स्थिति के अनुसार | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2012[3] | 2013 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चालू खाता | 2,851<br>(27.5) | 3,357<br>(17.8) | 4,492<br>(33.8) | 4,865<br>(8.3) | 5,788<br>(19.0) | 6,950<br>(9.6) | 7,060<br>(1.6) |
| बचत खाता | 5,710<br>(20.9) | 6,709<br>(17.5) | 7,858<br>(17.1) | 9,396<br>(19.6) | 12,312<br>(31.0) | 16,356<br>(15.3) | 18,344<br>(12.2) |
| मीयादी खाता | 13,049<br>(19.7) | 16,933<br>(29.8) | 20,836<br>(23.0) | 26,136<br>(25.4) | 30,263<br>(15.8) | 40,803<br>(16.1) | 46,063<br>(12.9) |
| कुल जमाएं(**) | 21,610<br>(21.0) | 26,999<br>(24.9) | 33,186<br>(22.9) | 40,397<br>(21.7) | 48,364<br>(19.7) | 64,110<br>(15.1) | 71,466<br>(11.5) |
| ***मेमो मदें (% में):*** | | | | | | | |
| मीयादी (>1 वर्ष)जमा दरें[4] | 6.00-7.00 | 7.50-9.00 | 8.25-9.00 | 7.75-8.75 | 6.00-7.50 | 8.50-9.25 | 7.50-9.00 |
| नामिनल जीडीपी में वृद्धि[5] | 13.9 | 16.3 | 16.1 | 12.9 | 15.1 | 17.7 | 11.7 |
| आईआईपी में वृद्धि | 8.6 | 12.9 | 15.5 | 2.5 | 5.3 | 5.5 | 1.1 |

**टिप्पणी:** 1. जमाराशियों में अंतर-बैंक जमाएं शामिल हैं।
2. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े वार्षिक वृद्धि दरों को दर्शाते हैं।

**चार्ट 2: बैंक जमाराशियों के स्वामित्व के स्वरूप की प्रवृत्ति - 2006-2012**
(31 मार्च की स्थिति के अनुसार)




परिवार - हफ सहित) का हिस्सा सर्वाधिक अर्थात् कुल हाउसहोल्ड जमाराशियों का 77-80 प्रतिशत था। 2006-13 के दौरान हाउसहोल्ड जमाराशियों में प्रोप्रिएटरी एवं पार्टनरशिप फर्म (4.7-6.3 प्रतिशत) तथा ट्रस्ट एवं एसोसिएशन (3.5-4.6 प्रतिशत) अन्य घटक थे। (अधिक विवरण के लिए आरबीआई की वेबसाइट http://www.rbi.org.in/ देखें)। व्यक्तिगत के अंतर्गत, 2012-13 के दौरान किसानों की जमाराशियों में 48.8 प्रतिशत वृद्धि हुई जो संभवतः इस अवधि में अधिकांश खाद्य एवं गैर-खाद्य उत्पादों की न्यूनतम समर्थन कीमत के बढ़ने के चलते अतिरिक्त चलनिधि के कारण हो सकती है।

9. सरकार एवं गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट क्षेत्रों की जमाराशियों में गिरवाट प्रमुख रूप से कॉरपोरेट जमाराशियों में कमी आने के कारण हुई जो संभवतः 2012-13 के दौरान औद्योगिक उत्पादन एवं सीमांत जीडीपी में गिरावट के फलस्वरूप कारोबार को लेकर विश्वास में कमी आने के कारण हो सकता है।

10. विभिन्न प्रकार की जमाराशियों की संस्थागत स्वामित्व संरचना इंगित करता है कि हाउसहोल्ड, जिसका अधिसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमा बकाया में सबसे अधिक हिस्सा है, का 2012-13 के दौरान तीनों प्रकार की जमाराशियों जैसे, चालू, बचत एवं मीयादी जमाराशियों में सर्वाधिक हिस्सा है (सारणी 3)।

---

[3] स्ट्रैटिफाइड सैम्पलिंग पद्धति पर आधारित मार्च 2011 का अनुमान पिछले वर्ष के अनुमान एवं साथ ही मार्च 2012 के नवीनतम जनगणना डेटा के अनुरूप नहीं है एवं इसलिए इसे वर्तमान अध्ययन में शामिल नहीं किया गया है। इसलिए सभी मदों के लिए 2012 की वृद्धि दरों को 2010 में मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर के रूप में परिकलित किया गया है।

[4] बड़े बैंकों की मीयादी जमा दरें (स्रोतः साप्ताहिक सांख्यिकीय संपूरक, आरबीआई)।

[5] वर्तमान बाजार मूल्यों पर जीडीपी।

**सारणी 2: बड़े संस्थागत क्षेत्रों के अनुसार कुल जमाराशियां**

(बिलियन ₹ में राशि एवं प्रतिशत में वृद्धि)

| बड़े संस्थागत क्षेत्र | मार्च-06 | मार्च-07 | मार्च-08 | मार्च-09 | मार्च-10 | मार्च-12 | मार्च-13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I. सरकारी क्षेत्र | 3,120 | 3,907 | 4,478 | 5,652 | 6,551 | 9,361 | 9,912 |
| | (19.6) | (25.2) | (14.6) | (26.2) | (15.9) | (19.5) | (5.9) |
| *जिनमें से*, केन्द्र और राज्य सरकार | 1,032 | 1,301 | 1,786 | 2,354 | 3,068 | 4,565 | 5,329 |
| | (16.2) | (26.1) | (37.3) | (31.9) | (30.3) | (22.0) | (16.7) |
| सरकारी क्षेत्र के निगम | 1,035 | 1,238 | 1,314 | 1,879 | 1,879 | 3,017 | 2,726 |
| | (23.2) | (19.6) | (6.2) | (43.0) | (0.0) | (26.7) | -(9.6) |
| II. निजी कॉरपोरेट क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | 2,181 | 3,035 | 4,322 | 5,867 | 7,137 | 9,384 | 8,875 |
| | (41.0) | (39.1) | (42.4) | (35.7) | (21.6) | (14.7) | -(5.4) |
| *जिनमें से*, गैर-वित्तीय कंपनियां | 1,836 | 2,478 | 3,293 | 4,862 | 5,191 | 6,210 | 6,237 |
| | (78.9) | (35.0) | (32.9) | (47.7) | (6.8) | (9.4) | (0.4) |
| III. वित्त क्षेत्र | 2,098 | 2,825 | 3,429 | 3,580 | 4,820 | 6,019 | 7150 |
| | (51.5) | (34.6) | (21.4) | (4.4) | (34.7) | (11.7) | (18.8) |
| *जिनमें से*, बैंक | 776 | 1,123 | 1,191 | 1,578 | 2,348 | 2,652 | 2,939 |
| | (77.6) | (44.7) | (6.1) | (32.5) | (48.8) | (6.3) | (10.8) |
| अन्य वित्तीय संस्थाएं | 922 | 1,181 | 1,306 | 1,085 | 1,346 | 1,548 | 1662 |
| | (39.1) | (28.1) | (10.6) | -(16.9) | (24.0) | (7.2) | (7.4) |
| अन्य वित्तीय कंपनियां | 400 | 521 | 932 | 916 | 1,127 | 1,819 | 2,549 |
| | (40.4) | (30.2) | (79.0) | -(1.7) | (23.0) | (27.1) | (40.1) |
| IV. हाउसहोल्ड क्षेत्र | 12,644 | 15,497 | 19,280 | 23,552 | 28,049 | 37,249 | 42,568 |
| | (16.7) | (22.6) | (24.4) | (22.2) | (19.1) | (15.2) | (14.3) |
| *जिनमें से*, व्यक्ति (हिंदू अविभाजित परिवार सहित) | 10,139 | 12,018 | 14,954 | 18,732 | 21,843 | 28,660 | 33,314 |
| | (17.3) | (18.5) | (24.4) | (25.3) | (16.6) | (14.5) | (16.2) |
| *जिनमें से*, किसान | 1,523 | 1,724 | 1,772 | 1,758 | 2,118 | 2,000 | 2,977 |
| | (16.9) | (13.2) | (2.8) | -(0.8) | (20.5) | -(2.8) | (48.8) |
| V. विदेशी क्षेत्र | 1,567 | 1,736 | 1,677 | 1,747 | 1,807 | 2,097 | 2,960 |
| | (5.7) | (10.8) | -(3.4) | (4.2) | (3.4) | (7.7) | (41.2) |
| **कुल जमाएं** | **21,610** | **26,999** | **33,186** | **40,397** | **48,364** | **64,110** | **71,466** |
| | **(21.0)** | **(24.9)** | **(22.9)** | **(21.7)** | **(19.7)** | **(15.1)** | **(11.5)** |

**टिप्पणी:** कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े वार्षिक वृद्धि दरों को दर्शाते हैं। मार्च 2011 के अनुमान का उपयोग नहीं किया जा सका क्योंकि ये अनुमान मार्च 2012 के जनगणना आंकड़ों के साथ मेल नहीं खाते। 2012 की वृद्धि दरें 2010 की मिश्रित वार्षिक वृद्धि दरों (सीएजीआर) को दर्शाते हैं।

बचत जमाराशियों का 80 प्रतिशत से अधिक, मीयादी जमाराशियों का 50 प्रतिशत से अधिक एवं चालू जमाराशियों का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हाउसहोल्ड के पास है। जहां तक चालू जमाओं का संबंध है, 2012-13 के दौरान गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट क्षेत्र का सरकार के बाद दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा है। 2012-13 के दौरान कुल चालू जमाराशियों में गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट, हाउसहोल्ड एवं विदेशी क्षेत्रों के हिस्से में गिरावट आई जो प्रमुख रूप से वित्तीय एवं सरकारी क्षेत्रों के कारण थी।

**सारणी 3: विभिन्न प्रकार की जमाराशियों की स्वामित्ववाली संस्थाएं**

(प्रतिशत)

| जमाराशि क्षेत्रों के प्रकार/वर्ष (31 मार्च की स्थिति के अनुसार) | चालू | | बचत | | मीयादी | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2012 | 2013 | 2012 | 2013 | 2012 | 2013 | 2012 | 2013 |
| I. सरकारी क्षेत्र | 16.2 | 17.0 | 10.7 | 9.8 | 15.9 | 15.0 | **14.6** | **13.9** |
| II. निजी कॉरपोरेट क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | 29.7 | 28.8 | 1.7 | 1.0 | 17.3 | 14.4 | **14.6** | **12.4** |
| III. वित्तीय क्षेत्र | 10.7 | 11.8 | 0.5 | 0.4 | 12.7 | 13.5 | **9.4** | **10.0** |
| IV. हाउसहोल्ड क्षेत्र | 41.5 | 40.8 | 82.8 | 84.8 | 51.0 | 52.4 | **58.1** | **59.6** |
| V. विदेशी क्षेत्र | 1.9 | 1.6 | 4.2 | 4.0 | 3.1 | 4.6 | **3.3** | **4.1** |
| **कुल जमाराशियां** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**सारणी 4: विभिन्न संस्थागत क्षेत्रों के अनुसार जमाराशियों की संरचना**

(प्रतिशत)

| वर्ष (31 मार्च की स्थिति के अनुसार) | जमाराशि प्रकार/ क्षेत्र | सरकारी क्षेत्र | निजी कॉरपोरेट क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | वित्तीय क्षेत्र | हाउसहोल्ड क्षेत्र | विदेशी क्षेत्र | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2006 | चालू | 12.9 | 29.2 | 19.7 | 10.2 | 6.5 | 13.2 |
| | बचत | 11.8 | 1.3 | 2.8 | 39.0 | 20.2 | 26.4 |
| | मीयादी | 75.3 | 69.4 | 77.4 | 50.7 | 73.3 | 60.4 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| 2008 | चालू | 14.8 | 25.8 | 21.4 | 9.5 | 9.2 | 13.5 |
| | बचत | 14.0 | 0.8 | 1.2 | 34.8 | 26.5 | 23.7 |
| | मीयादी | 71.2 | 73.4 | 77.5 | 55.7 | 64.3 | 62.8 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| 2010 | चालू | 14.1 | 26.8 | 9.6 | 8.5 | 6.5 | 12.0 |
| | बचत | 16.1 | 1.0 | 1.0 | 37.4 | 36.2 | 25.5 |
| | मीयादी | 69.8 | 72.2 | 89.4 | 54.2 | 57.3 | 62.6 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| 2012 | चालू | 12.1 | 22.0 | 12.3 | 7.8 | 6.1 | 10.8 |
| | बचत | 18.7 | 3.0 | 1.4 | 36.3 | 33.0 | 25.5 |
| | मीयादी | 69.2 | 75.0 | 86.2 | 55.9 | 60.8 | 63.6 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| 2013 | चालू | 12.1 | 22.9 | 11.7 | 6.8 | 3.8 | 9.9 |
| | बचत | 18.1 | 2.2 | 1.1 | 36.5 | 24.5 | 25.7 |
| | मीयादी | 69.8 | 74.9 | 87.2 | 56.7 | 71.7 | 64.5 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

11. 2006-2013 के दौरान सभी संस्थागत क्षेत्रों की कुल जमाराशियों में मीयादी जमाराशियों का सबसे बड़ा हिस्सा था। सभी क्षेत्रों में बचत जमाराशियों का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा था लेकिन गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट एवं वित्तीय क्षेत्रों को छोड़कर जिनमें चालू जमाओं का हिस्सा बचत जमाओं की तुलना में अधिक था (सारणी 4)।

## विभिन्न जनसंख्या समूहों में जमाराशियों के स्वामित्व का स्वरूप[6]

12. बैंक शाखा युक्त विभिन्न जनसंख्या समूहों में कुल जमाराशियों का विभाजन इंगित करता है कि कुल जमाराशियों में महानगरीय शाखाओं का सर्वाधिक हिस्सा (2006-2013 में 54-58 प्रतिशत) था, इस क्रम में शहरी (20-22 प्रतिशत), अर्ध-शहरी (13-14 प्रतिशत) तथा ग्रामीण (8-11 प्रतिशत) शाखाओं का दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान है (सारणी 5)। कुल जमाराशियों में ग्रामीण शाखाओं के हिस्से में 2006-2009 के दौरान गिरावट आने के बाद सुधार हुआ। इसके अतिरिक्त, 2012-13 में कुल जमाराशियों में गिरावट आई जो प्रमुख रूप से महानगरीय शाखाओं की जमाराशियों में कमी आने के कारण हुई।

13. 2012-13 के दौरान महानगरीय, शहरी एवं अर्ध-शहरी जनसंख्या समूहों में मीयादी जमाओं का सर्वाधिक हिस्सा था, जिसके बाद बचत जमाओं का हिस्सा अधिक था (चार्ट 3)। तथापि, ग्रामीण शाखाओं द्वारा जुटाए गए जमाओं में बचत जमाओं का सबसे बड़ा भाग था और जिसके बाद मीयादी जमाओं का हिस्सा अधिक था।

14. संस्थागत क्षेत्र की संरचना से पता चलता है कि सभी जनसंख्या समूहों में हाउसहोल्ड क्षेत्र का प्रभुत्व रहा। हाउसहोल्ड क्षेत्र के अंतर्गत, सभी जनसंख्या समूहों में व्यक्ति (हिंदू अविभाजित परिवार - हफ सहित) का सर्वाधिक हिस्सा था। इस उप-समूह का ग्रामीण केन्द्रों में हाउसहोल्ड जमाराशियों में 75 प्रतिशत से अधिक तथा अर्ध-शहरी केन्द्रों में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा था, तथापि, महानगरीय क्षेत्रों में इसका हिस्सा अपेक्षाकृत कम अर्थात् 46 प्रतिशत था। (विस्तृत डेटा के लिए आरबीआई की वेबसाइट (http://www.rbi.org.in/) देखें।

[6] बैंक सुविधायुक्त केन्द्रों की जनसंख्या के समूह का वर्गीकरण जनगणना 2001 पर आधारित है।

**सारणी 5: जनसंख्या समूहों में जमाराशियों का विभाजन**

(राशि ₹ बिलियन में; वृद्धि दर एवं हिस्सा प्रतिशत में)

| जनसंख्या समूह/वर्ष (31 मार्च की स्थिति के अनुसार) | | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2012 | 2013 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ग्रामीण** | **राशि** | 2,332 | 2,585 | 3,010 | 3,151 | 4,270 | 5,780 | 6,757 |
| | (वृद्धि दर) | (9.7) | (10.9) | (16.4) | (4.7) | (35.5) | (16.3) | (16.9) |
| | (हिस्सा) | {10.8} | {9.6} | {9.1} | {7.8} | {8.8} | {9.0} | {9.5} |
| **अर्ध-शहरी** | **राशि** | 3,076 | 3,653 | 4,328 | 5,488 | 6,307 | 8,664 | 10,132 |
| | (वृद्धि दर) | (2.1) | (18.8) | (18.5) | (26.8) | (14.9) | (17.2) | (16.9) |
| | (हिस्सा) | {14.2} | {13.5} | {13.0} | {13.6} | {13.0} | {13.5} | {14.2} |
| **शहरी** | **राशि** | 4,573 | 5,526 | 6,829 | 8,926 | 9,833 | 13,248 | 15,388 |
| | (वृद्धि दर) | (19.9) | (20.8) | (23.6) | (30.7) | (10.2) | (16.1) | (16.2) |
| | (हिस्सा) | {21.2} | {20.5} | {20.6} | {22.1} | {20.3} | {20.7} | {21.5} |
| **महानगरीय** | **राशि** | 11,630 | 15,235 | 19,020 | 22,832 | 27,954 | 36,417 | 39,189 |
| | (वृद्धि दर) | (30.6) | (31.0) | (24.8) | (20.0) | (22.4) | (14.1) | (7.6) |
| | (हिस्सा) | {53.8} | {56.4} | {57.3} | {56.5} | {57.8} | {56.8} | {54.8} |
| **अखिल भारत** | **राशि** | 21,610 | 26,999 | 33,186 | 40,397 | 48,364 | 64,110 | 71,466 |
| | (वृद्धि दर) | (21.0) | (24.9) | (22.9) | (21.7) | (19.7) | (15.1) | (11.5) |
| | (हिस्सा) | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} |


**टिप्पणी:** 2012 की वृद्धि दरें 2010 की मिश्रित वार्षिक वृद्धि दरों (सीएजीआर) को दर्शाते हैं।

## बैंक समूह के अनुसार जमाराशियों के स्वामित्व का स्वरूप

15. बैंक समूह वार, सरकारी क्षेत्र के बैंकों (जिनमें एसबीआई एवं इसकी अनुषंगियां तथा राष्ट्रीयकृत बैंक सहित आईडीबीआई बैंक शामिल हैं) का कुल जमाराशियों में सर्वाधिक हिस्सा था जो 31 मार्च 2007 के 70.1 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2013 में 74.3 प्रतिशत हो गया (सारणी 6)। 2006-2013 के दौरान घरेलू निजी क्षेत्र के बैंकों के पास विदेशी बैंकों की तुलना में 3.6-4.7 गुना अधिक जमाराशियां थीं। 2007-13 के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल जमाराशियों में सबसे कम अर्थात् लगभग 3 प्रतिशत हिस्सा था।

**चार्ट 3: खाता प्रकार के आधार पर जमाराशि संरचना - जनसंख्या समूहों के अनुसार**

(31 मार्च की स्थिति के अनुसार)




16. मार्च 2013 में जमाराशियों के प्रकार के अनुसार किया गया विभाजन गत वर्ष के समान था। 2013 में, एसबीआई एवं इसकी अनुषंगियों, राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा निजी क्षेत्र के बैंकों का भी यही स्वरूप था जिनमें मीयादी जमाराशियों का सर्वाधिक हिस्सा था और इसके बाद बचत जमाओं का हिस्सा ज्यादा था (चार्ट 4)। विदेशी बैंकों के मामले में, मीयादी जमाराशियों का कुल जमाराशियों में आधे से ज्यादा हिस्सा था और इसके बाद चालू जमाराशियों (एक-चौथाई से अधिक) का हिस्सा ज्यादा था। आरआरबी के मामले में, बचत जमाराशियों का कुल जमाराशियों में आधे से ज्यादा हिस्सा था और इसके बाद मीयादी जमाराशियों (पांच में लगभग दो भाग) का हिस्सा ज्यादा था।

17. 31 मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार जमाराशियों के संस्थागत स्वामित्व का स्वरूप इंगित करता है कि समस्त बैंक समूहों, विदेशी बैंकों को छोड़कर जिसमें गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट क्षेत्र का सर्वाधिक हिस्सा था और इसके बाद परिवार एवं विदेशी क्षेत्र की जमाराशियों का हिस्सा अधिक था, में हाउसहोल्ड का कुल जमाराशियों में सर्वाधिक हिस्सा था (सारणी 7)।

**सारणी 6: कुल जमाराशियों का बैंक समूह वार विभाजन**


(राशि ₹ बिलियन में; वृद्धि दर एवं हिस्सा प्रतिशत में)

| बैंक समूह/वर्ष (31 मार्च की स्थिति के अनुसार) | | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2012 | 2013 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं इसके सहयोगी बैंक | राशि | 5,044 | 6,071 | 7,513 | 10,020 | 10,531 | 13,598 | 15,562 |
| | वृद्धि दर | (17.5) | (20.3) | (23.8) | (33.4) | (5.1) | (13.6) | (14.4) |
| | हिस्सा | {23.3} | {22.5} | {22.6} | {24.8} | {21.8} | {21.2} | {21.8} |
| राष्ट्रीयकृत बैंक | राशि | 10,355 | 12,843 | 15,845 | 19,116 | 25,406 | 34,233 | 37,540 |
| | वृद्धि दर | (18.2) | (24.0) | (23.4) | (20.6) | (32.9) | (16.1) | (9.7) |
| | हिस्सा | {47.9} | {47.6} | {47.7} | {47.3} | {52.5} | {53.4} | {52.5} |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | राशि | 764 | 817 | 961 | 1186 | 1474 | 1839 | 2064 |
| | वृद्धि दर | (24.6) | (7.0) | (17.6) | (23.5) | (24.2) | (11.7) | (12.2) |
| | हिस्सा | {3.5} | {3.0} | {2.9} | {2.9} | {3.0} | {2.9} | {2.9} |
| निजी क्षेत्र के बैंक | राशि | 4,284 | 5,725 | 6,960 | 8,167 | 8,550 | 11,650 | 13,465 |
| | वृद्धि दर | (26.9) | (33.6) | (21.6) | (17.3) | (4.7) | (16.7) | (15.6) |
| | हिस्सा | {19.8} | {21.2} | {21.0} | {20.2} | {17.7} | {18.2} | {18.8} |
| विदेशी बैंक | राशि | 1,163 | 1,543 | 1,908 | 1907 | 2,403 | 2,780 | 2,836 |
| | वृद्धि दर | (43.2) | (32.7) | (23.7) | (0.0) | (26.0) | (7.6) | (2.0) |
| | हिस्सा | {5.4} | {5.7} | {5.7} | {4.7} | {5.0} | {4.3} | {4.0} |
| सभी अधिसूचित वाणिज्य बैंक | राशि | 21,610 | 26,999 | 33,186 | 40,397 | 48,364 | 64,110 | 71,466 |
| | वृद्धि दर | (21.0) | (24.9) | (22.9) | (21.7) | (19.7) | (15.1) | (11.5) |
| | हिस्सा | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} |

**टिप्पणी:** अन्य अधिसूचित वाणिज्य बैंकों में पुराने एवं नए निजी क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। 2012 की वृद्धि दरें 2010 की मिश्रित वार्षिक वृद्धि दरों (सीएजीआर) को दर्शाते हैं।

18. विभिन्न संस्थागत खिलाड़ियों द्वारा बैंक समूहों का चयन उनके कारोबार के साथ-साथ बैंकों की ग्राहकोन्मुख कारोबार कार्यनीतियों के लिए अपेक्षित लचीलेपन पर आधारित प्रतीत होता है। लगभग 90 प्रतिशत सरकारी जमाराशियां सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पास थीं। गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट क्षेत्र की 40 प्रतिशत से अधिक जमाराशियां विदेशी एवं निजी क्षेत्र के बैंक समूहों के पास थीं। अधिकांश हाउसहोल्ड जमाराशियां, खासकर व्यक्तियों (हाउसहोल्ड क्षेत्र का सबसे बड़ा घटक) का, सरकारी क्षेत्र के बैंकों

**चार्ट 4: जमाराशि प्रकार एवं बैंक समूह के अनुसार जमाराशि संरचना**
(31 मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार)



**सारणी 7: स्वामित्ववाली जमाराशियों का बैंक समूहवार स्वरूप - 31 मार्च 2013**

(राशि ₹ बिलियन में; हिस्सा प्रतिशत में)

| क्षेत्र/बैंक समूह | एसबीआई एवं इसके सहयोगी बैंक | राष्ट्रीयकृत बैंक | आरआरबी | निजी क्षेत्र के बैंक | विदेशी बैंक | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I. सरकारी क्षेत्र | 2,206<br>(14.2) | 6,708<br>(17.9) | 128<br>(6.2) | 751<br>(5.6) | 120<br>(4.2) | 9,913<br>(13.9) |
| II. निजी कॉरपोरेट क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | 1,894<br>(12.2) | 3,050<br>(8.1) | 18<br>(0.9) | 2,736<br>(20.3) | 1,178<br>(41.5) | 8,875<br>(12.4) |
| III. वित्तीय क्षेत्र | 538<br>(3.5) | 4,347<br>(11.6) | 20<br>(1.0) | 1,928<br>(14.3) | 317<br>(11.2) | 7,150<br>(10.0) |
| IV. हाऊसहोल्ड क्षेत्र | 10,261<br>(65.9) | 22,686<br>(60.4) | 1,891<br>(91.6) | 6,943<br>(51.6) | 787<br>(27.8) | 42,568<br>(59.6) |
| V. विदेशी क्षेत्र | 662<br>(4.3) | 749<br>(2.0) | 7<br>(0.3) | 1,108<br>(8.2) | 434<br>(15.3) | 2,960<br>(4.1) |
| **कुल जमाएं** | **15,562<br>(100.0)** | **37,540<br>(100.0)** | **2,064<br>(100.0)** | **13,465<br>(100.0)** | **2,836<br>(100.0)** | **71,466<br>(100.0)** |

**टिप्पणी:** कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े हिस्सा दर्शाते हैं।

के पास थीं जो संभवतः इन बैंकों की अपेक्षाकृत बड़ी शाखाओं के होने के कारण थी।

## राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के अनुसार स्वामित्ववाली संस्थाओं की जमाराशियों का स्वरूप[7]

19. विभिन्न राज्यों/संघ शासित प्रदेशों (यूटी) में मार्च 2013 के अंत में स्वामित्ववाली जमाराशियों के अनुसार संरचना दर्शाता है कि बैंक जमाओं में भिन्न-भिन्न राशि के साथ हाउसहोल्ड की बचत जमाराशियों का प्रभुत्व है। केन्द्रीय क्षेत्र की कुल जमाराशियों में हाउसहोल्ड का कुल हिस्सा सर्वाधिक अर्थात् 73.3 प्रतिशत था और इसके समवर्ती राज्यों/संघ शासित प्रदेशों का हिस्सा 60 से 78 प्रतिशत के दायरे में था और इस क्रम में उत्तर पूर्वी राज्यों का 68.7 प्रतिशत (इसमें घटकों का हिस्सा 63 से 71 प्रतिशत के दायरे में था), पूर्वी क्षेत्र का 68.2 प्रतिशत (59 से 75 प्रतिशत) तथा दक्षिणी क्षेत्र का 64.4 प्रतिशत (64 से 77 प्रतिशत) हिस्सा था। कुल जमाराशियों में हाउसहोल्ड का हिस्सा उत्तरी क्षेत्र में सबसे कम अर्थात् 60.4 प्रतिशत (45 से 84 प्रतिशत) और पश्चिमी क्षेत्रों में 46.2 प्रतिशत (40 से 74 प्रतिशत) था, इनमें इतना बड़ा अंतर दिल्ली (45 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (40 प्रतिशत) का क्रमशः कम हिस्सा होने के कारण है। इन चार राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के संबंध में कुल जमाराशियों में हाउसहोल्ड का हिस्सा अखिल-भारतीय स्तर से कम था। महाराष्ट्र और दिल्ली के अतिरिक्त इन राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में चंड़ीगढ़ (58.2 प्रतिशत) तथा ओडिशा (59.2 प्रतिशत) शामिल हैं। इन छह राज्यों/संघ शासित प्रदेशों, नामतः हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दादरा और नगर हवेली तथा लक्षद्वीप में हाउसहोल्ड का कुल जमाराशियों में 75 प्रतिशत से अधिक योगदान था।

20. सरकारी संस्थाओं का 15 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की कुल जमाराशियों में अखिल-भारतीय स्तर से कम हिस्सा था। इनमें लक्षद्वीप को छोड़कर पश्चिमी तथा दक्षिणी क्षेत्रों के सभी राज्य/संघ शासित प्रदेश शामिल हैं। गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट क्षेत्र का निम्नांकित छह राज्यों नामतः महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु की कुल जमाराशियों में अखिल-भारतीय स्तर से अधिक हिस्सा था। गैर-वित्तीय निजी कॉरपोरेट की कुल जमाराशियों का 80.5 प्रतिशत हिस्सा छह राज्यों नामतः, महाराष्ट्र (37.1 प्रतिशत), दिल्ली (15.5 प्रतिशत), कर्नाटक (8.6 प्रतिशत), तमिलनाडु (7.3 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (7.6 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल (4.4 प्रतिशत) में था। केरल, दमन और दीव तथा गोवा में बैंकों की विदेशी जमाराशियां क्रमशः 18.6 प्रतिशत, 16.1 प्रतिशत तथा 16.1 प्रतिशत था। अखिल भारतीय स्तर पर अधिसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल विदेशी क्षेत्र की जमाराशियों में महाराष्ट्र का हिस्सा 33.7 प्रतिशत था और इसके बाद केरल का 14.9 प्रतिशत, दिल्ली का 7.8 प्रतिशत तथा गुजरात का 7.4 प्रतिशत था।

[7] मार्च 2013 के अधिक विस्तृत डेटा के लिए रिजर्व बैंक की वेबसाइट, यूआरएलः http://www.rbi.org.in/ देखें।